**K.P.C. PUBLIC SCHOOL, KHARGHAR**
**ASSESSMENT - 4 (2023-24)**

**GRADE: V** | **MARKS: 50**
**SUB: HINDI** | **TIME: 2 Hrs**

---

**सूचनाएँ =** १) प्रश्न लिखकर उत्तर लिखना आवश्यक है। (Objective Questions)
२) प्रश्न क्रमांक लिखना आवश्यक है।
३) शुद्ध, स्पष्ट एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

## खंड (क) पठित (Seen passage)

**प्रश्न १) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen passage and follow the instructions given below.)**

जोज़ीला पास से आगे चलकर जवाहरलाल मातायन पहुँचे तो वहाँ के नवयुवक कुली ने बताया, "शाब, सामने उस बर्फ़ से ढके पहाड़ के पीछे अमरनाथ की गुफा है।"

"लेकिन, शाब, रास्ता बहुत टेढ़ा है।" किशन ने कुली की बात काटी। "बहुत चढ़ाई है। और शाब, दूर भी है।"

"कितनी दूर?" जवाहरलाल ने पूछा।

"आठ मील, शाब," कुली ने जल्दी से उत्तर दिया।

"बस! तब तो ज़रूर चलेंगे।" जवाहरलाल ने अपने चचेरे भाई की ओर प्रश्नसूचक दृष्टि डाली। दोनों कश्मीर घूमने निकले थे और जोज़ीला पास से होकर लद्दाखी इलाके की ओर चले आए थे।

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(२अंक)**

**(Complete the blanks with the appropriate word.)**

१) किशन ने ________ की बात काटी।

२) "बस! तब तो ________ चलेंगे।"

**ख) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा।** **(१अंक)**

**(Who said to whom.)**

१) "लेकिन, शाब, रास्ता बहुत टेढ़ा है।"

**ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) बर्फ़ से ढके पहाड़ के पीछे किसकी गुफा है?

२) जवाहरलाल अपने चचेरे भाई के साथ कहाँ घूमने निकले थे?

**प्रश्न २) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen passage and follow the instructions given below.)**

कर्नल दत्ता ने तीतर के पैरों का जख्म साफ़ किया। फिर दवाई लगा दी। पंख को फैलाकर टेप लगा दिया ताकि वह ज़्यादा हिले-डुले नहीं। फिर उन्होंने बिशन से कहा, “बिशन, अगर तुम इसे गेंदे के पत्तों का रस दिन में दो-तीन बार पिलाओगे तो यह जल्दी ठीक हो जाएगा।”

तब तक बहूजी एक कटोरी में दलिया ले आई और तीतर को दलिया खिलाते हुए बोलीं, “इसे रोज़ दलिया भी खिलाना बिशन, तीतर को दलिया बहुत पसंद होता है।”

“तब तो यह बिशन के पीछे-पीछे ही घूमता रहेगा," कर्नल ने हँसते हुए कहा।

“अच्छा बिशन, तुम जानते हो तीतर कैसे बोलता है?” बहूजी ने पूछा।

बिशन ने अपने हाथों को मुँह पर रखकर तीतर की आवाज़ निकाली, “क्वाक... क्वाक... क्वाक..." कर्नल दत्ता ठहाका मारकर हँस पड़े।

**क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(३अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false.)**

१) कर्नल दत्ता ठहाका मारकर हँस पड़े।

२) बहूजी एक कटोरी में दलिया ले आई।

३) बिशन ने तीतर के पैरों का जख्म साफ़ किया।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दों में लिखिए।** **(२अंक)**

**(Answer the following questions in one or two words.)**

१) तीतर को क्या खाना पसंद है?

२) तीतर की आवाज़ किसने निकाली?

**प्रश्न ३) निम्नलिखित पठित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the seen poem and follow the instructions given below.)**

छोटी-सी हमारी नदी टेढ़ी-मेढ़ी धार,
गर्मियों में घुटने भर भिगो कर जाते पार।
पार जाते ढोर-डंगर, बैलगाड़ी चालू,
ऊँचे हैं किनारे इसके, पाट इसका ढालू।
पेटे में झकाझक बालू कीचड़ का न नाम,
काँस फूले एक पार उजले जैसे घाम।

**क) निम्नलिखित वाक्य सही या गलत लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write whether the following sentences are true or false.)**

१) हमारी नदी छोटी-सी है।

२) गर्मी के दिनों में नदी में घुटनों भर पानी रहता है।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए।** **(३अंक)**

**(Choose the correct option.)**

१) नदी की धार कैसी है?

I) टेढ़ी-मेढ़ी  II) सीधा  III) कमज़ोर

२) नदी के किनारे कैसे हैं?

I) ऊँचे II) छोटे III) समतल

३) नदी के तली में किसका निशान नहीं है?

I) बालू कीचड़ का II) पत्थर मिट्टी का III) बोतल रस्सी का

**खंड (ख) पाठ्यपुस्तक पर आधारित प्रश्न**
**(Textual based questions)**

**प्रश्न १) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in one sentence.)**

१) कर्नल दत्ता की बात सुनकर कौन घबरा गए?

२) बाघ की बात कौन कर रहा है?

३) पानी कहाँ बिकने लगा है?

४) एक ही सिक्के के दो पहलू कौनसे है?

**प्रश्न २) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीर्घ लिखिए।** **(४अंक)**

**(Answer the following questions in detail.)**

१) बाघ और बाघिन सारा दिन क्या करते थे?

२) घायल तीतर को बचाने के लिए बिशन को किस तरह की परेशानियाँ हुईं?

**प्रश्न ३) स्वमत (स्व-अध्ययन पर प्रश्न) (Self opinion question.)** **(२अंक)**

१) पानी के संकट का एक और मुख्य कारण पानी की फ़िज़ूलखर्ची भी है| पानी की बचत करने के लिए तुम क्या-क्या कर सकते हो?

**खंड (ग) अपठित (Unseen passage)**

**प्रश्न १) निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए।**

**(Read the unseen passage and follow the instructions given below.)**

हमारे देश में अनेक पशु-पक्षी पाए जाते हैं। पक्षियों में मोर एक विशेष पक्षी है। यह बड़ा सुंदर और निराला होता है। इसकी गर्दन लंबी और शरीर भारी होता है। मोर के पंख सुंदर और चमकदार होते हैं। यह वर्षा ऋतु में बड़ा प्रसन्न होता है और नाचने लगता है। यह साँप का दुश्मन होता है और उसे मार डालता है। यह खेतों के कीड़े-मकोड़े खा जाता है, इसलिए किसान का मित्र है। नाचते हुए मोर की सुंदरता सबको आकर्षित करती है। इसके पंखों से सजावट की अनेक वस्तुएँ बनाई जाती हैं। भगवान कृष्ण को मोरपंख बहुत प्रिय था।

**क) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्द से कीजिए।** **(३अंक)**

**(Complete the blanks with the appropriate word.)**

१) भगवान कृष्ण को _______ बहुत प्रिय था।

२) पक्षियों में _______ एक विशेष पक्षी है।

३) नाचते हुए मोर की सुंदरता सबको ________ करती है।

**ख) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाए।** **(२अंक)**

**(Make sentence the following words.)**

१) कृषक = २) ईश्वर =

## खंड (घ) व्याकरण (Grammar)

**प्रश्न १) निम्नलिखित शब्दों के तुकांत शब्द लिखिए।** **(२अंक)**

**(Write the following words of the Rhyming Words.)**

१) ककड़ी -  २) राजा -

**प्रश्न २) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलो।** **(२अंक)**

**(Change the gender of the following words.)**

१) सेवक -  २) सुता -

**प्रश्न ३) निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग वाक्यों में कीजिए।** **(२अंक)**

**(Use the following idioms in sentences.)**

१) कोल्हू का बैल-  २) कलेजा ठंडा होना -

**प्रश्न ४) निम्नलिखित वाक्यों में से उचित क्रियाविशेषण शब्द को खोजकर लिखिए।** **(२अंक)**

**(Identify the appropriate adverb clause word in the following sentences and write them.)**

१) हिरन तेज़ दौड़ता है।  २) राधा ध्यानपूर्वक पढ़ाई करती है।

**प्रश्न ५) निम्नलिखित परिच्छेद को उचित विरामचिहनों के साथ फिर से लिखिए।** **(२अंक)**

**(Rewrite the following passage with proper punctuations.)**

लड़के के काम करने के अंदाज़ को देखकर अकबर ने धीमे से कहा, “केशव, देखना एक दिन तुम बड़े फ़नकार बनोगे। हो सकता है कि एक दिन तुम मेरे कारखाने में काम करो।" “कारखाना? कैसा कारखाना?" बस एक बार ये महल तैयार हो जाए और लोग आगरा से आकर यहाँ रहने लगें, तब मैं कारखाने बनवाऊँगा।

## खंड (ङ) लेखन (Writing skill)

**प्रश्न १) निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक दीजिए और सीख लिखिए। (<u>कोई-१</u>)** **(४अंक)**

**(Write a story based on the given outline, provide a suitable title and include a moral.) [ Any -1]**

१) किसान के चार बेटे ---------- आपस में लड़ते रहना ---------- किसान का दु:खी रहना ---------- बीमार पड़ना ---------- बेटों को समझाने के लिए लकड़ियों का गट्ठर मँगवाना ---------- किसी के द्वारा भी वह न टूटना ---------- गट्ठर खुलवाना ---------- सभी के द्वारा लकड़ियों का आसानी से तोड़ा जाना ---------- किसान द्वारा एकता का महत्त्व समझाना ---------- सीख।

२) गाँव में दर्जी ---------- दुकान के सामने तालाब ---------- राजा का हाथी प्रतिदिन नहाने ---------- दोनों में मित्रता ---------- दर्जी का फल देना ----------- दर्जी के मन में शरारत आना ---------- सूँड में सुई चुभोना --------- तालाब से गंदा पानी लाना --------- दर्जी की दुकान पर गंदा पानी का छिड़काव ---------- पछतावा -------- सीख।

**प्रश्न २) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय</u> पर पत्र लिखिए।** **(६अंक)**

**(Write a letter on any one of the following topics.)**

१) विद्यालय में वृक्षारोपण कराने हेतु प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए।

२) आयुर्वेदिक औषधियों की माँग करते हुए व्यवस्थापक को पत्र लिखिए।

*******************************